पित: ! भवान् व्यर्थम् आतङ्कित (आशङ्कित) भवति। किं स्वपुत्र्यां विश्वास: नास्ति। परिस्थित्या सह समाधानं मया कदापि न कृतम् न च करिष्यामि। पुरुषार्थ: परिश्रमश्च एतौ मम् आश्रयौ। एताभ्याम् अहं जीविष्यामि। पुत्र्या: साहसयुक्तानि वचनानि श्रुत्वा स्वपुत्रीम् अधिकं पाठयितुं निश्चयं कृतवान्। युवत्या: नाम आसीत् कमला। 'कमलादेवी' गृहिण्या: विधवाया: वेशं परित्यज्य छात्रवेशं धृतवती। पठनेन सह स्वराज्यस्य आन्दोलने भागं गृहीतवती। समाजे विधवानां दीनानां दयनीयां दशां दृष्ट्वा विचलिता भवति स्म। कमलादेवी रूढीवादस्य अवमानं स्वयं कुर्वती विधवानामपि प्रेरणां दत्तवती। परिवारस्य विरोधे सति अपि स्वकार्यक्षेत्रस्य परिधे: विस्ताराय कमलादेवी प्रतिभासम्पन्नेन लेखकेन कुशलराजनीतिज्ञेन हरिश्चन्द्रनाथचतोपाध्यायेन सह विवाहं कृतवती। नारीणाम् उत्थाने समर्पिता कमलादेवीचटोपाध्यायनाम्ना प्रसिद्धा जाता। अन्त:समये तया आकाङ्क्षा कृता आसीत् – "अहं भारतीयनारीणां प्रगतिम् उच्चशिखरम् आरूढां द्रष्टिमिच्छामि"। आधुनिके भारते तस्या: स्वप्न: साकार: भवन् दृश्यते।

(सारांश – कमलादेवी अल्पाअयु में ही विधवा हो गई थीं। उन्होंने अपने पिता से कहा – मैं इस विपत्ति का साहस से सामना करुंगी। मैं अध्ययन करुंगी, पढ़ूंगी। अपने पैरों पर खडी होकर परिश्रम करुंगी और जीवन में आगे बढ़ूंगी। उनकी इस बात में दृढसंकल्प था किन्तु उसके पिता को विश्वास नहीं था। पिता ने कहा – पुत्री, तुम इस कीचड के स्पर्श से अपनी रक्षा कैसे करोगी ? कमलादेवी ने कहा – आप व्यर्थ में ही आशंकित हो। क्या आपको अपनी पुत्री पर विश्वास नहीं ? पुरुषार्थ और परिश्रम ये दो ही मेरे आश्रय है। पुत्री के ये साहसयुक्त वचन

सुनकर उसके पिता ने उसे आगे पढाया। पढाई के साथ कमलादेवी ने अपने राज्य के आन्दोलन में भी भाग लिया। समाज में विधवामहिलाओं की दयनीय दशा को देखते हुए उनके लिए प्रेरणास्रोत बनीं। कमलादेवी ने प्रतिभासम्पन्न लेखक और कुशल राजनीतिज्ञ हरिश्चन्द्रनाथचटोपाध्याय से विवाह किया। नारियों के उत्थान के लिए समर्पित कमलादेवीचटोपाध्याय के नाम से विख्यात हुईं। उनकी अन्तिम इच्छा थी कि मैं भारतीय नारियों को प्रगति और उच्चशिखर पर देखूं। आधुनिक भारत में उनका ये स्वप्न साकार होते हुए दिखाई दे रहा है।)

संसद की सैर

क्षितिज भट्ट

कला स्नातक (विशेष), राजनीति विज्ञान, प्रथम वर्ष

7 फरवरी को कॉलेज की तरफ से संसद भवन जाने का मौका मिला पर व्यस्तता के चलते अब तक कुछ लिख नहीं पाया और साथ ही पहले ही फोन जमा हो जाने के कारण ना कुछ तस्वीरें खींचपाया। हाँ, इतना जरूर है कि हर लम्हा जेहन में कैद हो गया है।

अब शुरू से शुरूआत करते हैं।

6 फरवरी को ही ये फ़ाइनल हो गया था कि हमें अगले दिन पार्लियामेंट हाउस जाना है तो उसी वक्त से रोमांच हिलोरे मारने लगा था। मैं और मेरे कुछ दोस्त क्लास के अंदर 'संसद चलो' नारों के अंदाज में चिल्लाने लगे थे हालांकि हमें ना संसद का घेराव करना था और ना ही कोई धरना प्रदर्शन।

फिर 7 फरवरी की शाम वो लम्हा आया जिसका हमें इन्तजार था। लगभग शाम के 3:15 बजे हम केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 5 के बाहर इन्तजार करते हमारे डिपार्टमेंट के सभी अध्यापकों से मिलें। इस से ठीक कुछ ही पल पहले मैंने एक्जिट गेट के बाहर एक कुत्ते के साथ पहरा देते कुछ सुरक्षाकर्मियों की तस्वीर लेने की कोशिश की तो उन्होनें कहा - 'आप लोग अपना काम कीजिए, हमें हमारे हाल में ही छोड़ दीजिए।'

अब उस समय पर वापस आता हूँ जब हम शिक्षकों से मिले थे। उनसे मिलने के बाद कुछ देर सेल्फी और तस्वीरों का दौर चला तत्पश्चात सभी के फोन जमा कर दिए गए। फ़र्स्ट इयर के फोन मैं ही जमा कर रहा था तो जमा करने के बाद मजाक में कहने लगा. - 'अब ये फोन चोर बाजार ले जाए जाएँगे और इतनों को बेचकर तो नए फोन का इन्तजाम हो ही जाएगा।' इसके बाद कुछ और दोस्त भी इसमें शामिल हो गए और कहने लगे. - 'प्रॉफिट 50-50 बाँट लेंगे।'

थोड़ी देर तक ये हँसी मजाक चलता रहा और उसके बाद फोन प्रोफेसर्स की गाड़ी में रख दिए गए।

इसके बाद हम सभी लाइन में संसद भवन की दिशा में चले और अभी संसद की पहली सिक्यूरिटी चैक से गुजरे ही थे कि बारिश शुरू हो गई। हमने एक जगह शरण ली। थोड़ी देर में प्रोफेसर्स भी वहाँ आ गए। हम फिर आगे बढ़े। संसद के मुख्य सभागार तक पहुँचने से पहले हमें तीन बार सिक्यूरिटी चेकिंग से गुजारा गया जिसमें अंतिम चेकिंग के दौरान बस पास, मेट्रोकार्ड और रूमाल तक जमा कर दिया गया। संक्षेप में, बस एक आई डी कार्ड हमारे पास रहने दिया गया।

अंतिम चेकिंग के बाद जब हम आगे बढ़े तो भीड़ के कारण कुछ देर एक स्थान पर रुकना पड़ा जहाँ संसद भवन की छत पर संस्कृत का एक श्लोक उद्धृत था -.

'नसासभायत्रनसन्तिवृद्धाः
वृद्धानतेयेनवदन्तिधर्मं।
नासौधर्मोयत्रनसत्यमस्ति
नतत्सत्यंयच्छलेनानुविद्धम्॥'

इससे आगे बढ़े तो चेहरों का मिलान किसी डेटा से किया गया पर वो क्या था ये समझ नहीं आया पर उसके बाद हम जहाँ थे वो सच में सुख देने वाला था क्योंकि हम मुख्य भवन के ठीक सामने कतार में खड़े थे।

ऊपर मिला सुख थोड़ी देर में ही काफूर हो थकान में बदलने लगा क्योंकि इन्तजार लम्बा था और हम लाइन में खड़े रहने को मजबूर थे, जबक़ दिल कर रहा था क़ अन्दर चले जाएँ। इस बीच एक ऐसी घटना हुई जिसे विशेष रूप से उल्लेखित करना चाहूँगा। हमारे दो साथी अचानक एवं अनायास ही अंग्रेजी में बात करने लगे और फिर उनमें से एक ने दूसरे से मुखातिब होकर कहा. - 'इट सीम्स सो एम्बेरेसिंग टू स्पीक इन हिन्दी हेयर!' मन तो उसी वक्त हुआ था कि टोक दूँ पर आगे से ना बोलने के इंस्ट्रक्शन्स लगातार मिल रहे थे तो चुप रहना ही मुनासिब समझा। इस तरह की बात से मन खट्टा हुए कुछ ही देर हुई थी कि अन्दर से बुलावा आ गया मतलब हमारे स्लॉट का टाईम हो गया था। अंदर प्रवेश करते वक्त मन में रोमांच फिर हिलोरे मारने लगा था और बैठने के बाद तो रोमांच अपने चरम पर पहुंच गया।

अंदर के हर नजारे को आँखें कैद करने को बैचैन थी, हर वक्ता को सुनते वक्त यूँ तो उसकी तस्वीर सामने स्क्रीन पर आ रही थी पर तब भी आँखें उसे बाकी सांसदों के बीच ढूँढ रही थी। इस सब में यदि ढूँढ लिया तो एक विजय सा आभास हो रहा था और असफल होने पर मन खुद ही को कोस रहा था क़ ये कैसी सीट पर बैठ गया।

वक्ताओं के अतिरिक्त भी आँखें अंदर के अन्य माननीयों को पहचानने का प्रयास कर रही थी और इस क्रम में कई चेहरे पहचाने लग रहे थे। विशेषतः जिस व्यक्ति को देखकर प्रसन्नता हुई थी वो थे अल्मोड़ा. नैनीताल लोकसभा सीट से सांसद श्री अजय टमटाजी, उन्हें देखने के बाद

एक अपनेपन का अहसास हो रहा था पर एक बात चुभी भी कि पूरी कार्यवाही के दौरान वे मात्र मूक दर्शक बने रहे।

अजयजी चाहे चुप थे पर हमें अन्य कई 'माननीयों' को सुनने का अवसर मिला, उनमें से कुछ पहचाने गए और कुछ नहीं, पर जिनका वक्तव्य सबसे बेहतर लगा वो थे ओवैसी। उर्दूभाषा पर उनकी पकड़ दिल छू गयी थी। लेकिन मात्र ओवैसी ही बेहतरीन नहीं थी, उनको दिया गया सुषमा स्वराज का उत्तर भी उत्कृष्ट था जिसे सुनने के बाद ये विचार आ रहा था कि हमें इनका पूरा भाषण सुनने को क्यों नहीं मिला।

बीच बीच में कुछ सांसदों ने अपनी क्षेत्रीय भाषा में भी विचार रखे यद्यपि उनका कहा समझ में नहीं आया।

संसद कार्यवाही देखने के लिए हमें आवंटित समय समाप्ति की ओर था, लगभग 5 मिनट शेष थे। भाजपा सांसद मीनाक्षी लेखी अपने विचार रख रही थी कि तभी एक ऐसी शख्सियत का आगमन हुआ जिसके दर्शन पूरा पॉलिटिकल साइंस डिपार्टमेंट करना चाहता था, यहाँ तक कि योगेश सर ने हम से कहा भी था कि तुम्हें उन्हें सुनने का मौका मिल सकता है। अब ज्यादा सस्पेंस ना बनाते हुए सीधे बताता हूँ कि वो और कोई नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी थे।

जैसे ही प्रधानमंत्री जी का आगमन हुआ, माननीया सांसद महोदया ने अपना वक्तव्य रोक दिया। सत्तापक्ष अपनी सीटों से खड़ा हो गया, सांसद मोदी. मोदी के नारे लगाने लगे। रोमांच अपने चरम पर पहुँच गया और वजीर.ए आजम के जलवा फरोज होने पर ये स्वाभाविक भी था।

इस घटना क्रम के बाद मेरे मस्तिष्क में पहला प्रश्न यही था कि प्रधानमंत्रीजी की रैलियों में मोदी-मोदी होना सामान्य सी बात है पर क्या संसद में सदा यही होता है। मुझे स्पष्ट याद है कि उस ध्वनि में इतना सम्मोहन और उत्साह था कि धड़कनें बढ़ गयी थी एवं साथ ही मोदी-मोदी चिल्लाने का दिल कर रहा है पर साफ इंस्ट्रक्शन थे कि कुछ ना बोला जाए इसलिए चुप थे पर ये चुप्पी ज्यादा देर नहीं रही क्योंकि बाहर निकलकर हम मेट्रोस्टेशन पहुँचने तक मोदी-मोदी ही चिल्लाते रहे और मेरे जीवन में ऐसा पहली बार हुआ था कि मैंने किसी नेता के लिए नारे लगाए हों।

प्रधानमंत्रीजी को देखने का सौभाग्य हमें अवश्य प्राप्त हुआ पर एक बात का बुरा भी लगा कि हम उनका भाषण नहीं सुन पाए क्योंकि उनके आने के 5 मिनट के अंदर ही हमारे स्लॉट का टाईम खत्म हो गया और हमें बाहर जाना पड़ा।

संक्षेप में कहूँ तो संसद का यह दर्शन अविस्मरणीय था पर इसमें सदस्यों की कमी बहुत खली, उम्मीद है जब अगली बार जाएँ तो ये ना हो।

नीतिशास्त्रपरम्परायां शुक्रनीतिमहत्त्वम्

सतरुद्रः प्रकाशः
संस्कृत-द्वितीयभागः

संस्कृतसाहित्यपरम्परायां नीतिशास्त्रस्य स्थानं महत्त्वं च राज्ञां मुकुटमणिरिव स्थितम्। अस्य प्रधानविषयः राजनीतिविमर्शः अस्ति। प्रायः विद्वांसः अस्य शास्त्रस्य समाहारं धर्मशास्त्रे कुर्वन्ति। संस्कृतसाहित्ये राजनीतिविषयकत्रिशास्त्राणि सन्तिः धर्मशास्त्रमर्थशास्त्रं नीतिशास्त्रं च। धर्मशास्त्रार्थशास्त्रयोः स्मृतिकाराः धर्मशास्त्रस्य प्राधान्यं स्वीकुर्वन्ति। तत्र नीतिशास्त्रस्य स्वतंत्रोल्लेखं न प्राप्यते। कालान्तरे एतस्य शास्त्रस्य गणना धर्मशास्त्रान्तर्गते विद्वद्भिः स्वीकृता। परन्तु नीतिशास्त्रस्य स्वतंत्रमस्तित्त्वं अस्ति। स्मृतिग्रन्थेषु अपि च स्मृत्याधारितान्येषु ग्रन्थेषु राजनीतिविमर्शः गौणरूपेण उल्लिखितः। तेषां प्रधानविषयः राजनीतिः नास्ति। मनुस्मृत्यां राजधर्मवर्णनं सप्तमेऽध्याये स्थितं तथा याज्ञवल्क्यस्मृत्यां राजधर्मप्रकरणः आचाराध्यायस्य द्वादशे प्रकरणे स्थितम्। नारदस्मृतिः चतुर्विंशतिप्रकरणेषु विभक्ता, राजधर्मस्य वर्णनं नवमे स्थाने प्राप्यते। सारांशरूपेण कथयितुं शक्यते यत् स्मृति-सूत्रग्रन्थेषु राजधर्मः राजनीतिविमर्शश्च न स्तः प्रधानविषयौ। एतेषु ग्रन्थेषु जनेभ्यः सामाजिकदर्शनं अपि च तेषां कृते यज्ञ-प्रायश्चित्त-पापपुण्य-वर्णाश्रम-पुरुषार्थादिविमर्शः प्रधानरूपेण वर्णितः। अत्र राजनीतिः अङ्गभूता अस्ति।

शुक्रनीत्याः सर्वेषु अध्यायेषु राजधर्मः प्रधानविषयः अस्ति। अत्र जनानां व्यक्तिगतजीवनस्य विमर्शः गौणरूपेण प्राप्यते। कामन्दकनीत्यां मङ्गलाचरणे राजनीतिविशारदस्य विष्णुगुप्तस्य वन्दना कामन्दकेन कृता। शुक्रनीतिः, विदुरनीतिः, कामन्दकनीतिः, नीतिप्रकाशिका इत्यादि नीतिग्रन्थाः अस्य शास्त्रस्य प्रतिनिधिग्रन्थाः सन्ति।

शुक्रनीतिः अस्याः परम्परायाः ग्रन्थरत्नम् अस्ति। पञ्चाध्याययुक्तेऽस्मिन्ग्रन्थे शासनतंत्रस्य सर्वे विषयाः वर्णिताः सन्ति। प्रथमेऽध्याये नीतिशास्त्रस्य गरिमप्रयोजनं च महत्त्वं च वर्णितम्। अपि च राज्ञः कर्त्तव्यं राजप्रासादनिर्माणप्रक्रियायाः च विस्तृतं वर्णनं प्राप्यते। द्वितीयेऽध्याये शासनतंत्रस्यावयवानां लक्षणं पदाधिकारिगणानां लक्षणं दायित्त्वं च वर्णितम्। तृतीये अध्याये सामान्यनागरिकाणां कृते आचारसंहिता तथा सामाजिकव्यवस्थायाः वर्णनम् अस्ति। चतुर्थाध्यायस्य सप्तोपभेदाः सन्ति। प्राचीनभारतीयमतानुसारेण राज्यं सप्तावयवानां समूहो वर्त्तते। अतः अस्मिन् अध्याये सप्तराज्याङ्गानां वर्णनं प्राप्यते। पञ्चमाध्याये खिलनीतिवर्णनम् अस्ति। शुक्रनीत्यां सर्वधर्मसमभावस्य च राष्ट्रोन्नत्याः भ्रष्टाचारोन्मूलनस्य च यान्योपचाराणि वर्णितानि, तानि अतुलनीयानि सन्ति। अपि च मानवीयमूल्यानां सुमनोहरं निदर्शनं अत्र भवति।

(सार : - संस्कृत साहित्य में नीतिशास्त्र एक महत्त्वपूर्ण शास्त्र है। हालांकि इसे स्वतंत्र शास्त्र के रूप में नहीं, बल्कि धर्मशास्त्र के अन्तर्गत ही परिगणित किया जाता था, लेकिन इस शास्त्र की अपनी एक समृद्ध परम्परा है। धर्मशास्त्रों में राजनीतिविषयक विमर्श प्रमुख विषय नहीं है जबकि नीतिशास्त्र विशुद्ध रूप से राजनीतिशास्त्र, शासन-प्रशासन, राजनैतिक दर्शन इत्यादि पर केन्द्रित है। शुक्रनीति इस परम्परा का प्रमुख एवं अद्भुत ग्रन्थ है। यदि इसे 'राजतंत्र का संविधान' कहा जाए तो अतिशयोक्ति न होगी। पाँच अध्यायों वाले इस ग्रन्थ का राजनीतिक दर्शन, मानव-कल्याण की सोच, सर्वधर्मसमभाव तथा सहअस्तित्त्व इतना उच्च है कि वो आधुनिक लोकतंत्र में भी प्रासंगिक है। कार्यपालिका में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उपाय, प्रजा के प्रति शासक का कर्तव्य, राज्य के हर नागरिक के मूल अधिकारों के रक्षण का उपाय तथा कर्तव्य के प्रति प्रेरित करने के लिए उपचार जैसे अनेक ऐसे विषय हैं जो भारतीय लोकतंत्र व समाज को आज भी दिशा देने की योग्यता रखते हैं।)

Feathers of colours

Shrutika Jaiswal
B.A. (H) English, III Yr.

Feathers of colours painting bright
It's an escape of the sight
Devouring blue into pink,
Merging purple into red
In a canvas of crisp white.
Vibrant pigments reflecting touristy light.

I caught it coming,
the nudges oh so running, the sensations all over.
Held me in Aww, the imprints of paws.

So were the waves, weaving threads in blue
Escorting back the Aesthetics,
Dangerousyet fascinating
Questionable yet receiving.

History scraping down, As were the claws.
Kept gaping, I discovered you
Amidst the transparency, You were different

It's an art;
Feathers of colours were painting bright,
It was an escape of the sight.

The longing of my heart

Bharti Raina
B.A. (H) English, III Yr.

I never knew that autumn blossoms to winter,
the Sun looks so mellowed and sad.
From my window I listen to the mournful choir of the hedge Crickets and grasshoppers .
Hey can you be with me to herald the changes?

For the meadows have a pellucid sense of longingness,
And the birds are loitering in distress,
I can see my garden at a distance,
Where yields of flowers are awaiting their mistress.
Hey! Did you hear my address,
Be with me to witness These changes.

For I sit beside my fireplace,
That denied me any comfort or warmth,
I never knew that food would defy me too,
For everything is too distorted without you,
Oh my my! If not my plea,
Listen to your heart, that also seeks me!

मोबाइल और मानसिक दशा

प्रियांक त्यागी
कला स्नातक, कार्यक्रम, प्रथम वर्ष

वैसे मोबाइल जीवन की तीन मूलभूत आवश्यकताओं (रोटी, कपड़ा और मकान) मे शामिल नहीं है। लेकिन जिस तरह से मानव और मोबाइल के बीच नजदीकियाँ (भोजन के दौरान भी मोबाइल प्राथमिक होता जा रहा है) बड़ रही हैं, उस पर विचार करना जरूरी है कि इस छोटी-सी युक्ति ने मानव को किस प्रकार

प्रभावित किया? और कैसे मानव के मस्तिष्क को अपने नियंत्रण मे लेता जा रहा है? अर्थात् रचना स्वयं रचयिता पर क्यों और कैसे हावी हो रही है?

अगर मोबाइल के उद्भव पर विचार करें तो पता चलता है कि मोबाइल एक ऐसी क्रांति के रूप मे आया था जिसने मानव के हित मे और उसके जीवन मे सकारात्मक परिवर्तन किए थे। हालांकि मोबाइल की उपयोगिता आज भी प्रासंगिक है। लेकिन साथ ही कई नई समस्याएं भी पैदा की हैं। मोबाइल के द्वारा डिजिटलीकरण, कंप्यूटर-शिक्षा को बढ़ावा मिल रहा है और सूचनाओं का आदान-प्रदान पारदर्शी, सुगम, तीव्र व सस्ता हुआ है जिससे देश के विकास को भी गति मिली है। लेकिन कहा जाता है कि एक सिक्के के दो पहलू होते है, जहां गुण है वहां दोष भी होगा ही। ये बात मोबाइल के मामले मे पूरी तरह से सार्थक सिद्ध हो रही है।

दिन की शुरुआत जहां पहले अखबार से होती थी वहीं अब दिन की शुरुआत fb, twitter, wats app से होती है और अन्त भी इन्ही से। मोबाइल ने हमारे मन को इस प्रकार जकड़ा हुआ है कि एक मिनट के लिए भी खाली होने पर व्यक्ति सीधे मोबाइल की शरण मे जाता है। अर्थात् अब मोबाइल के बिना जीवन नीरस होता प्रतीत हो रहा है।

मोबाइल पर चलने वाली विभिन्न वेबसाइट, ऐप ने तरह-तरह की अप्रमाणिक सामग्री की बहुलता कर दी है। ये गलत सामग्री हमारा समय नष्ट करने के साथ ही हमें मानसिक रूप से पंगु बना रही है। ऐसे लोग भी पूरी दुनियाँ मे बड़ी संख्या मे हैं जो 5-6 घंटे या उससे भी कहीं अधिक समय मोबाइल पर बिताते हैं। इसमे मुख्य रूप से वर्तमान युवा पीढ़ी शामिल है जो राष्ट्र व मानवजाति का भविष्य है। मोबाइल का अति से ज्यादा इस्तेमाल हमे मानसिक व शारीरिक रूप से कमजोर बना रहा है साथ ही समाज मे व्यभिचार, रंगभेद जैसी बुराइयों को सींच रहा है।

दुनियां के कई अग्रणी देश मोबाइल से पैदा होने वाली समस्याओं को खत्म करने के लिए चिकित्सा केन्द्रों की स्थापना कर रहे हैं। ये केंद्र लोगों को आत्मसंयम के गुर सिखाकर बहुत हद तक सफल भी हो रहे हैं।

याद रहे कि जिस प्रकार एक महंगा मोबाइल अच्छे ऐप के बिना डिब्बा है उसी प्रकार हमारी यह सुंदर काया भी मानसिक स्वास्थ्य के बिना बेकार है। अतः जीवन की खुशहाली के लिए हमें मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ बनना होगा और इसके लिए मोबाइल को हमें अपने नियंत्रण मे रखना होगा, मोबाइल के नियंत्रण मे हमे नहीं आना।

'Inside the Kingdom'

Shaheen
B.A. (H) English, III Yr.

Robert Lacey's 'Inside the Kingdom', the avant-garde of the modern hermeneutical genre.Autobiographically written over had her repercussion brawling upon oil-rich regime. Giving a read to this book inevitably integral. Carbon dating the default history of Saudi Arabia envisages the strong bond between the clerics and Royal Family.

Over the historical periphery to pinpoint the initial Wahhabi as Ibn Abdil Wahhab couldn't stand a good chance in front of Wahhab bin Rustam, an obsolete Morrocan fighter.Unfortunate to contemplate Juhayman been a scapegoat to royal creed and clerics becomes inexorably crucial.

Kingdom saw Istikhbarat, intelligence agency's full-fledged growth followed by the seizing of Ka'aba. Ibn Baz, a blind reverend scholar with Islamic scholarship enterprise, critically flayed for his fatwa; ontologically fatwa ain't a part and parcel of the unquestionable religious verdict but a comprehension.

The ongoing Shia-Sunni duel, proxy wars and geopolitics proliferated during the post-Shah regime. there seen some accounts of King Khalid detrimental of the Islamic revolution in Iran, Shia version.

Apparently compelling us that the Author deconstructs the very notion that Saudi lacks intimacy in parallel with the fledgeling Al Qaeda during pre-Soviet disintegration. "Nevertheless, the repentance of a hypocrite is itself hypocrisy, erases the past." Insists some liberals of occidental contour.

considering with reference to Jamal Khashoggi in the book, MBS might not be ordered to trample such a 'law-abiding, philanthropic man while the former's dire attempt to reconcile Bin Laden to make way back home.

Reading from MBS 's time, the book of startling insights pave a whirling wind of change in the Kingdom from detention for women drivers to legalizing women drivers.

The redolent of enigmatic bamboozlement Saudi Arabia arouses in the West. It mattered Islamophobia for its hectic ballooning upon the Muslim diaspora.

"I had forgotten that a full-blood prince had been into space. In 1982, Prince Sultan bin Salman al-Saud, a nephew of the King of Saudi Arabia, was a payload engineer on the space shuttle Discovery". Accounts Robert Spencer.

Inside the Kingdom is an insider's view, profoundly foreigner, with little access of geopolitical machinations. Generalizing the stereotype of the orient is reiterated upon the discourses of 'barbaric nomads'. Lacey was doing his job as a white man's burden-epitomize the colonizer in the post-colonial genre.

My entire 10 years in that 'barbaric nation' stood a good chance that Lacey ought to be erring. God knows best.

God gracious to thank Robert Lacey and Saudi Arabia.

पीड़ा

आस्था प्रियदर्शिनी
कला स्नातक, हिन्दी विशेष, तृतीय वर्ष

वो रो रही थी
सुबक-सुबक कर
पर,
आज उसके रोने पर माँ रोई नही
हाँ बस व्यस्तता बढ़ गयी थी उनकी
खोल लिए थे कपड़ों से भरे पुराने बक्से
गूँथ रही थी अपनी यादों को
हवा दे रही थी अपने ख्वाबों को

तेरह बरस की मुन्नी भी
सीख गई थी कपड़ों को चार तह करना
सीख गई थी पीड़ा झेलना पर कुछ ना बोलना
पर क्या सब के साथ ऐसे ही....?

उबलते, सुलगते, बहते लहू ने
कभी टिके रह कर कुछ रचा नहीं
तेरह बरस की यादों में जुड़ गए
और तेरह बरस
मुन्नी अब भी पीड़ा में है
पर दोष किसका है
तेरह बरस का, माँ का
या फ़िर चार तह किये कपड़े का?

अल्लामा इक़बाल ----------

माना कि तेरी दीद के क़ाबिल नहीं हूँ मैं
तू मेरा शौक़ देख मिरा इंतिज़ार देख

एडवांस होने लगा हूँ

मुन्ना कुमार यादव
विज्ञान स्नातक (विशेष), गणित, प्रथम वर्ष

मां बाप के चरण स्पर्श को छोड़कर
अब गुड मॉर्निंग बोलने लगा हूँ
घर में बोलचाल बंद कर
अब फेसबुक पर चैटिंग करने लगा हूँ
मैं तो अब एडवांस होने लगा हूँ ।।
पत्र लिखना बंद कर
अब मोबाइल से हालचाल पूछने लगा हूँ
समाचार पत्र में समाचार पढ़ना छोड़ कर
अब पीडीएफ में पढ़ने लगा हूँ
मैं तो अब एडवांस होने लगा हूँ ।।
दोस्तों के साथ ना खेलकर
अब वीडियो गेम खेलने लगा हूँ
बाजार न जाकर
अब ऑनलाइन शॉपिंग करने लगा हूँ
मैं तो एडवांस होने लगा हूँ ।।
बड़ों से सीखना छोड़कर
अब यूट्यूब पर सीखने लगा हूँ
पान वाले से रास्ता ना पूछ कर
गूगल मैप करने लगा हूँ
मैं तो अब एडवांस होने लगा हूँ ।।
खाली समय में अपनों से बात न कर
अब टीवी देखने लगा हूँ
जिंदगी के स्टेटस को ना बदल कर
अब व्हाट्सएप स्टेटस बदलने लगा हूँ
मैं तो अब एडवांस होने लगा हूँ ।।
ढाबा से खाना मंगाना छोड़कर

जोमैटो से खाना बनाने लगा हूँ
हाथों से खाना खाना छोड़ कर
अब चम्मच से खाने लगा हूँ
मैं तो अब एडवांस होने लगा हूँ ।।

बेटी

बेटा हो तो सबसे सुंदर
बेटी हो तो बीमारी हो जाती है
बेटा हो तो अपना है
बेटी हो तो पराई हो जाती है
बेटा एक वंश चलाता है
बेटी तो दो वंश चलाती है
बेटे-बेटे तो छोड़ देते हैं मां-बाप को
बेटियां तो
सात समुंदर पार से भी आ जाती हैं
बेटो जैसा पढ़ाओ, बेटो जैसा सम्मान करो।
बेटियां भी नाम रोशन करेंगी
एक बार तो विश्वास करो ।
मत मारो बेटियों को गर्भ में ,
उन्हें भी जीने का अधिकार दो ।

प्रतिपक्ष में होना आज लेखक की नियति है

(केदारनाथ सिंह से शशि कुमार 'शशिकांत' की बातचीत)

दिल्ली में रहते हुए भी हिंदी के वरिष्ठ कवि केदारनाथ सिंह का रचनाकार मन बार-बार गाँव की ओर लौटता रहता है। केदार जी की कविता 'नूर मियाँ' का काव्य नायक नूर मियाँ उनके पाठकों के मन में रच-बस चुका है। अक्सर उनकी कविता के पाठक नूर मियाँ को लेकर उनसे सवाल करते हैं। इस संबंध में उन्होंने एक रोचक संस्मरण सुनाया, "पिछले दिनों पटना पुस्तक मेले में हिंदी के एक पाठक ने मुझसे पूछा, "केदार जी, 'नूर मियाँ' कविता लिखे इतने दिन गुजर गए। बताइए कि पाकिस्तान जाने के बाद नूर मियाँ का क्या हुआ? वे अब कैसे हैं?" इससे जाहिर होता है कि किसी रचना का एक पात्र किस तरह पाठक के मन में बैठ जाता है और रचनाकार एवं पाठक के बीच एक आत्मीय रिश्ता बनाता है।

'नूर मियाँ' कविता से बात शुरू होकर विभाजन की त्रासदी और हिंदू मुस्लिम संबंधों से गुजरते हुए गुजरात के दंगे तक आ जाती है। अभी हाल में के. विक्रम सिंह के साथ अपने ऊपर बन रही फिल्म के सिलसिले में गाँव से लौटे केदार जी कहते हैं, "इस बार गाँव जाना और बार जाने से थोड़ा भिन्न था, क्योंकि उसमें औपचारिकता शामिल थी। पर, एक बार उस औपचारिक बंधन से मुक्त होने के बाद मैंने गाँव में कुछ दिन रुकने का फैसला किया और लोगों से मिलता-जुलता रहा। गाँव की सबसे बड़ी खूबी मुझे यही लगती है कि वहाँ आज भी औपचारिकता नहीं है, और यही बात मुझे बार-बार आकृष्ट करती है। जहाँ तक गुजरात कांड पर गाँव की प्रतिक्रिया का सवाल है तो उसकी थोड़ी-बहुत जानकारी मैं हासिल कर सका, ज़्यादातर छोटे तबके के लोगों से। मैंने पाया कि गुजरात में पिछले दिनों जो कुछ हुआ और जो आज भी हो रहा है, गाँव के लोग उसके विरुद्ध हैं। जो ताकतें इस आग को हवा दे रही हैं, उनके खिलाफ गाँवों में एक व्यापक

माहौल बनता जा रहा है। गाँव के बृहत्तर जनमानस के भीतर यह मुझे एक सुखद और सकारात्मक बदलाव दिखलाई पड़ा जिसके राजनीतिक फलितार्थ शायद भविष्य के चुनाव में सामने आए।''

अगला सवाल मैं उनसे पूछता हूँ कि ''आज के सांप्रदायिक माहौल में नूर मियाँ की तरह किसी अन्य आत्मीय मुस्लिम पात्र को लेकर कोई कविता आपने लिखी है या आगे लिखने की योजना है क्या?''

जवाब में वे कहते हैं, ''देखो, नूर मियाँ एक ऐसे पात्र थे जो सचमुच थे यानी मैंने उन्हें गढ़ा नहीं। ऐसे अनेक पात्र मेरी रचनाओं में आते हैं, जिन्हें मेरे गाँव के लोग पहचानते हैं। ऐसे दूसरे पात्र भी मिल सकते हैं। अभी हाल में मैंने एक कविता लिखी है ''इब्राहिम मियाँ का हालचाल''। यह गुजरात कांड के बाद लिखी गई कविता है और इसमें जिस इब्राहिम मियाँ का ज़िक्र आता है, वे अभी भी हैं हालाँकि अति वृद्ध हो गए हैं। एक अच्छी बात है कि इधर के लेखन में सिर्फ मेरे यहाँ ही नहीं बल्कि अनेक दूसरे लेखकों के यहाँ भी मुस्लिम पात्र फिर से रचना में आने लगे हैं। इससे लेखकों की उस गहरी बेचैनी का पता चलता है, जो समाज के बिखरते हुए धागे को समेटना-सहेजना चाहते हैं। मेरे गाँव में आज तक कोई दंगा नहीं हुआ, हालाँकि वहाँ मुस्लिम परिवार काफी हैं। गाँवों में दंगे नहीं होते, छिटपुट अपवादों को छोड़कर। गाँवों की इस खूबी पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए, जिस पर चर्चा कम हुई है।''

बातचीत को आगे बढ़ाते हुए मैं गाँव की संस्कृति के सवाल को आज़ादी के बाद केंद्रीकृत विकास नीति और आधुनिक नगरीय संस्कृति तक खींचकर ले जाता हूँ। इस पर गंभीरतापूर्वक वे कहते हैं, ''देखो जहाँ तक आधुनिकता के विकास का सवाल है, मेरा मानना है कि वह भारतीय संदर्भ में आधा-अधूरा ही हुआ है। गाँवों को छोड़ दें तो शहरी मध्यवर्ग भी आधुनिक-बोध के धरातल पर कितना विकसित हुआ है, इसकी जाँच-पड़ताल की जानी चाहिए। सच्चाई यह है कि आधुनिकता की अवधारणा में ही बुनियादी खामी है, जिसका उत्स कहीं शहरों मे रहा है और गाँव*(अचानक बिस्तर पर रखे फोन की घंटी बजती है। खादी का हाफ कुर्ता और ढीला पाजामा पहनकर कुर्सी पर बैठकर बातचीत कर रहे केदार जी फोन रिसीव करते हैं- हैलो....नमस्कार बंधु, क्या हाल हैं? कहाँ से?...घर से ही?...आई.आई.सी. आना है?...चार बजे?..अच्छा नामवर जी भी आ रहे हैं?...आ जाऊँगा। गाड़ी मिल जाएगी।...एकाध बच्चे को मीडिया में लगाइए...। अच्छा आऊँगा तब बात होगी....।'' फोन रखकर अधूरी बात करते हैं)* लगातार उस दायरे से छूटता गया है। इसका नतीज़ा यह हुआ कि गाँव और शहर के बीच का फासला बढ़ा है और उसको जोड़ने वाली सड़कें भी ज़्यादातर जर्जर ही हुई हैं।

अब जब गाँवों का ये हाल है तो आदिवासी समाज इस आधुनिकता से कितना जुड़ा है, या नहीं जुड़ा है, यह अलग से गौरतलब है। कुछ लोगों का मानना है और शायद ठीक ही मानना है कि तथाकथित आधुनिक विकास ने आदिवासी समाज को देने के बजाय छिन्न-भिन्न ज़्यादा किया है।''

(अपनी बात कहकर वे उठते हैं और पानी की बोतल उठाकर कमरे से बाहर निकलते हैं। दो मिनट बाद गोद में दो साल की पोती पीहू और हाथ में पानी भरी बोतल लेकर कमरे में दाखिल होते हैं। पानी की बोतल मुझे पकड़ाकर वे पोती के साथ खेलने लगते हैं। बाबा और पीहू की तुतलाहट भरी प्यारी बातचीत बौद्धिकता के बोझिल वातावरण को राहत पहुँचाती है।

''बाबा, अंकलऽऽऽ'' पीहू मेरी तरफ देखकर ऊँगली से इशारा करती हैं।

केदार जी बोलते हैं, ''हाँ अकंल पेपर के लिए मेरा इंटरव्यू कर रहें हैं।''

''पेपलऽऽऽ'' पीहू बोलती है।

तब तक दरवाजा खोलकर उनका पाँच वर्षीय पोता आमिष भी आ जाता है और पीहू के साथ खेलने लगता है।

''चलो, अब तुम लोग बाहर जाओ। काम करने दो'', केदार जी उनसे कहते हैं)

पीहू और आमिष के बाहर जाने के बाद मैं केदार जी से पूछता हूँ कि दिल्ली में रहते हुए गाँव जाने पर आप जैसे एक कवि हृदय व्यक्ति को कैसा महसूस होता है?''

''मेरी एक कविता की दो पंक्तियाँ मेरे अंदर के दंश से पैदा हुई हैं। गाँव जाकर मैं अपने को एक फालतू चीज की तरह पाता हूँ। वहाँ बहुत कुछ है, जिससे जुड़ नहीं पाता या जो परेशान भी करती हैं, पर फिर भी वह क्यों आकृष्ट करता है? शायद इसी की तलाश के लिए मैं बार-बार गाँव जाता हूँ। अब गाँव मंे पुराने चेहरे कम दिखाई पड़ते हैं। उनके साथ 'डायलाॅग' नहीं हो पाता। पुराने लोगों के साथ 'डाॅयलाग' करने में तीस-चालीस साल पीछे जाना पड़ता है, क्योंकि गाँव में समय इसी तरह से चलता है। सबसे बड़ी चिंता का विषय गाँव को लेकर जो पैदा हुआ है, वह है बढ़ता हुआ अपराधीकरण। यह शायद ज़्यादातर गाँवों की समस्या है। मेरा अपना गाँव इससे बचा हुआ था, लेकिन धीरे-धीरे वह भी इसकी चपेट में आता जा रहा है। यह बेरोजगारी की देन है लेकिन सिर्फ बेरोजगारी की नहीं इसका एक पहलू व्यापक रूप से हमारे सांस्कृतिक बिखराव या क्षरण से भी जुड़ता हैं,'' केदार जी ने बताया।

सन 1976 ईस्वी में केदार जी दिल्ली आ गए थे। मैंने उनसे पूछा कि ''जब आपने दिल्ली में बसने का फैसला किया तो यहाँ ऐसा क्या था जिसने आपको आकर्षित किया, बाँधा और ऐसा क्या है जो बार-बार आपको अपने गाँव ले जाता है?''

वे बोले, ''उस क्या की व्याख्या करना तो कठिन है। मुझे यहाँ मीर का एक शेर याद आता हैः

'दिलो दिल्ली गरचे हैं दोनों ख़राब,
पै कुछ बात इस उजड़े घर में भी है।'

तो, दिल्ली है तो मेरे जैसे लोगों के लिए आज भी उजड़ा हुआ घर ही पर, कुछ है जो सिर्फ यहीं है। जैसे एक बोलता-बतियाता हुआ बड़ा लेखक समाज, कुछ महत्त्वपूर्ण सहित्यिक-सांस्कृतिक संस्थाएँ और मीडिया का विशाल विस्तार। ये सबकुछ हम चाहें या न चाहें हमारे आज के जीवन का अपरिहार्य हिस्सा बन गया है। पर इन बातों के साथ-साथ दिल्ली, जो कि असल में मेरा प्रदेश है, मुझे अपने छूटे हुए 'देस' को जानने-समझने के लिए एक आवश्यक दूरी भी देता है, लगभग उसी तरह जैसे एक पक्षी दूर से अपने घोंसले को देखता है।''

केदार जी के साथ मेरी बातचीत उनके कर्मस्थल दिल्ली में दाखिल हो चुकी है। मैं उनसे जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के अकादमिक माहौल में अपनी रचनात्मकता बचाए रखने की सफलता जैसा विवादास्पद सवाल पूछता हूँ, जिसका जवाब वे बड़ी सहजता से देते हैं, ''मैं ऐसा नहीं मानता कि 'एकेडमिक वर्ल्ड' अनिवार्यतः सृजन विरोधी होता है। बहुत कुछ व्यक्ति की क्षमता पर निर्भर करता है कि वो उस माहौल को किस तरह अपने अनुरूप बना पाता है या फिर नहीं बना पाता है।

जे.एन.यू. का माहौल वैसे भी आम शैक्षिणक माहौल से अलग रहा है। एक विलक्षण वैचारिक उत्तेजना का माहौल लंबे समय तक वहाँ का अनिवार्य हिस्सा रहा है, और इस बात को मैं एक सृजनात्मक बेचैनी के रूप में देखता हूँ। दरअसल जे.एन.यू. जो कक्षाओं में होता है, उससे कहीं ज़्यादा सड़कों, गोष्ठियों, कैफेटेरिया आदि मंे और ऐसे अन्य अनौपचारिक स्थलों पर होता है। मुझे जे.एन.यू. का ये हिस्सा ज़्यादा सर्जनात्मक लगता है और मैं चुपचाप उससे आवश्यक उपजीव्य ग्रहण करता रहा हूँ। कितना कर सका हूँ, ये नहीं एक कह सकता।''

इसके बाद मैं उनसे कविता से जुड़ा एक ठोस सवाल पूछता हूँ कि उनकी कविताओं में एक खास तरह की कोमलता रहती है, इतनी कोमलता कि वे किसी चीज़ का मुखर विरोध नहीं कर पाते।

जवाब में वे कहते हैं, ''बात ये है कि मैंने गीत से शुरुआत की थी। जिसे तुम कोमलता कह रहे हो, शायद वहाँ से लगी-लिपटी चली आई हो।*(बातचीत बीच में रोककर वे मुझसे पानी पीने पूछते हैं और बोलते हैं 'मुझे प्यास ज़्यादा लग रही है।' मई की चिलमिलाती दुपहरी की तपिश उनके कमरे को भी नहीं बख़्श रही।....कमरे की खिड़कियों के बाहर दक्षिण दिल्ली के पाॅश इलाके साकेत के एस.एफ.एस. फ्लैट्स पर चमकती तेज धूप और गर्मी से प्रतिरोध करते पेड़ों पर से मोर की आवाज़ गूँजती है।...)* पर मैं उसे ठीक-ठीक कोमलता नाम से पुकारना नहीं चाहूँगा। यह

संवेदना की अलग किस्म की बनावट हो सकती है। जहाँ तक मुखर विरोध का सवाल है तो मेरी प्रकृति उससे कुछ भिन्न रही है। प्रतिपक्ष में होना आज लेखक की नियति है ऐसा मैं मानता हूँ, पर विरोध या प्रतिरोध के हज़ारों ढंग हो सकते हैं। कला उन्हीं अलग-अलग ढंगों की तलाश करती है और यह काम वह अक्सर परोक्ष ढंग से करती है, क्योंकि उसकी प्रकृति ही कुछ इस तरह की होती है। कोई चाहे तो इसे मेरी सीमा कह सकता है, पर मैं कला में मुखरता का कायल नहीं हूँ।''

नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के भारतीय भाषा केंद्र से सेवानिवृत्त होने के बाद अपनी उम्र के सातवें दशक को पूरा करता हुआ यह रचनाकार अपनी शारीरिक और मानसिक चुस्ती-तंदुरूस्ती के साथ हिंदी की दुनिया में जिस तरह सक्रिय है, उसे देखकर हमारे आज के बहुतेरे युवा लेखकों को भी ईष्र्या हो सकती है। अपनी इस तदुरूस्ती का राज बतलाते हुए वे कहते हैं, ''मैं रोज सुबह छह बजे उठ जाता हूँ और घूमने जाता हूँ। अगर बच्चों का स्कूल खुला है तो उन्हें बस तक पहुँचाता भी हूँ। इस तरह मेरा दिन शुरू होता है। इसके बाद अखबार, जो प्रायः पहली चाय के साथ पढ़ा जाता है फिर बाथरूम जिसमें लगभग पैंतालिस मिनट लग जाते हैं। इसके बाद एक्सरसाइज करता हूँ। इससे दिनभर की स्फूर्ति बनाए रखने में मदद मिलती है।''

अपनी तंदरूस्ती के राज को खोलते हुए वे खाने-पीने के शौक और अपनी दिनचर्या का भी बखान करते हैं, ''मेरे खाने के शौक बहुत सीमित हैं। सुबह में हल्का नाश्ता लेता हूँ, जिसमें दही जरूर होता है। मुझे बिहार का चूड़ा-दही बहुत पसंद है। नाश्ते के रूप में उसे पसंद करता हूँ, हालाँकि अल्प मात्रा में ही। इसके बाद थोड़ा-सा पढ़ना-लिखना, लगभग बारह-साढ़े बारह तक और वह भी तब जब कहीं बाहर जाना नहीं हुआ।''

इसके बाद केदार जी दिल्ली के महानगरीय समाज की संभावनाओं, सीमाओं और अकेलेपन पर टिप्पणी करने लगते हैं, ''दिल्ली की एक ख़ासियत है कि यहाँ घर से निकलने के अनेक बहाने हमेशा रहते हैं। उनमें चुनाव करना पड़ता है इसलिए कुछ में जाता हूँ और कुछ छोड़ देता हूँ। समय मिला तो शाम को भी थोड़ा टहलना पसंद करता हूँ। उसके बाद फिर अपने कमरे में दिन का छूटा हुआ कागज फिर से संभालता हूँ और इस तरह यह सिलसिला चलता रहता है। शाम को अकेलापन सबसे घना और गहरा होता है- ऐसा मुझे लगता है। शायद लंबे समय तक छोटे शहरों में रहने के कारण ये स्थिति पैदा हुई है। दिल्ली में अकारण मिलने-जुलने का कोई रिवाज नहीं है। मेरे मन का एक कोना है जो इस स्थिति से पैदा होनेवाले खालीपन को गहराई से महसूस करता है और इस बढ़ी हुई उम्र में थोड़ा ज़्यादा ही है।''

अकेलापन अंतर्मन की एक भाव दशा है। हिंदी साहित्य में अज्ञेय और निर्मल वर्मा को यह एक रचनात्मक दिशा प्रदान करता है लेकिन केदारनाथ सिंह का अकेलापन भोगा हुआ अकेलापन है, जो आज से पच्चीस साल पहले पत्नी की कैंसर से मृत्यु के कारण उनके जीवन में आया है। रचनात्मक और व्यावसायिक लाचारी के कारण न पूछना चाहते हुए भी पत्नी की मृत्यु और उसके कारण जीवन में पैदा हुई परिस्थितियों का पीड़ाजनक सवाल मैं उनसे पूछता हूँ, जिसका जवाब देते हुए वे थोड़ा भावुक हो उठते हैं, "1977 में पत्नी शिवा *(बिस्तर के सिरहाने दीवार पर टँगी फूलों की माला चढ़ी फ्रेम की हुई पत्नी की तस्वीर देखते हुए)* की कैंसर से मौत हुई थी। उसकी मृत्यु के कारण पैदा हुआ अकेलापन अनिवार्य और अपरिहार्य है। विदेशी मानस इस अकेलेपन को ठीक-ठीक समझ नहीं सकता। पत्नी की मृत्यु के बाद मैंने इस अकेलेपन का वरण किया है। वह मेरा सोचा-समझा निर्णय था। ऐसा निर्णय लेते समय मरे सामने कई बड़े उदाहरण थे जैसे टैगोर, निराला आदि। उस समय यह समस्या जरूर थी कि मेरे बच्चे छोटे हैं और वे कैसे पलेंगे। कुछ प्रस्ताव ऐसे भी आए कि दूसरी शादी कर लें, पर कुल मिलाकर मेरे मन ने इस स्थिति को स्वीकार नहीं किया, क्योंकि कहीं न कहीं यह विश्वास था कि इस अकेलेपन में बच्चे ख़ुद-ब-ख़ुद पल-पुस जाएंगे। और ऐसा हुआ भी यह आज मुझे विस्मयजनक लगता है।
(थोड़ा-सा ठहरकर, अपनी स्मृतियों को कुरेदकर वे अतीत में जाते हैं और बोलते हैं)-

पत्नी मेरी कम पढ़ी-लिखी थीं, पर उनमें एक अद्भुत विवेक था और चीज़ों को समझने की गहरी दृष्टि भी। जिस तरह उन्होंने अपनी बीमारी को झेला उसका मैं साक्षी रहा हूँ, थोड़ा-बहुत भोक्ता भी। कहीं बार-बार मन में पीड़ा यह भी होती कि यदि बेहतर चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध होतीं तो शायद उन्हें मैं बचा भी सकता था या कुछ समय के लिए और ज़िंदा रख सकता था। यह पीड़ा इस समय भी, जब मैं आपसे बातें कर रहा हूँ, मेरे मन में उतनी ही गहरी है।"

केदार जी के साथ मेरी यह अंतरंग एवं अनौपचारिक बातचीत ने इस मुकाम पर पहुंचकर माहौल को भारी कर दिया था। मैं इसे हल्का-फुल्का बनाने के लिए उन्हें थोड़ी देर की राहत देते हुए उनके बिस्तर के ऊपर बिखरी 'पूर्वग्रह', 'वागर्थ', 'माध्यम', 'तनाव' आदि साहित्यिक पत्रिकाआंे को उलटने-पलटने लगता हूँ।

थोड़ी देर बाद...
"सन 1999 ईस्वी में जे.एन.यू. से सेवानिवृत्ति के बाद केदार जी अपना समय कैसे बिताते हैं और आजकल क्या लिख-पढ़ रहे हैं", मेरे इस सवाल के उत्तर में वे कहते हैं, "ये अच्छा सवाल पूछा है तुमने, मौजूं भी। एक अवकाश प्राप्त व्यक्ति के पास अवकाश ही अवकाश होता है, पर मैंने इस निरअवधि अवकाश से दो-चार होने के कुछ रास्ते निकाले हैं। पिछले दिनों एक अखबार ;हिंदुस्तानद्ध में स्तंभ लिखता रहा जो इधर बंद हो गया है। साथ-साथ सृजन कर्म भी

चलता रहता है। पिछले कुछ समय से उर्दू घर से जुड़ा रहा हूँ और महत्त्वपूर्ण उर्दू लेखकों को हिंदी में लाने की योजना पर काम कर रहा हूँ। एक पत्रिका निकालने की भी योजना है जो आकार ले चुकी है। उसका पहला अंक शीघ्र ही आपके सामने आ जाएगा।''

अपने पढ़ने-लिखने की ही बात को आगे बढ़ाते हुए वे कहते हैं, ''इधर मैंने दो किताबें पढ़ी हैं एक ''क्लैसिकल चीनी कविताएँ'' और 'अंतरंग संस्मरणों में जयंशकर प्रसाद।' पहली किताब में तू-फू, ली पै और वां3गवाइ की कविताएँ हैं। ये तीनों मेरे प्रिय रचनाकार हैं। कभी मन में आता है कि इनका हिंदी अनुवाद करूँ। दूसरी किताब पुरुषोत्तम मोदी द्वारा संपादित है जो विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी से छपी है। इसमें जयशंकर प्रसाद के बारे में बिल्कुल कुछ नई सूचनाएँ हैं, जिनसे उनके व्यक्तित्व और उनकी रचना को समझने में मदद मिलती हैं।''

''आजकल आप क्या लिख रहे हैं?''
इस बारे में वे बतलाते हैं, ''इधर दो पुस्तकों पर काम कर रहा हूँ एक काव्य संकलन तैयार होने पर है और दूसरी गद्य की भी लगभग तैयार हो चुकी है।''

बातचीत को समेटने के अंदाज़ में फिल्म और साहित्य की पड़ोसी कलाओं के प्रति उनके लगाव के संबंध में जब उनसे पूछता हूँ तो वे बतलाते हैं, ''मैं प्रायः फिल्में कम देखता हूँ। हाँ पोते आमिष के साथ बैठकर टी.वी. पर क्रिकेट देखना पसंद है। अंतिम फिल्म बनारस के एक सिनेमा हाल में 'फायर' देखी थी, पर इधर कुछ छोटी-छोटी फिल्में देखी हैं। मित्र के. विक्रम सिंह द्वारा सत्यजित रे के जीवन तथा श्रीलंका के एक प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक और गुजराती के कवि एवं मशहूर चित्रकार गुलाम मोहम्मद शेख पर बनी फिल्में काफी पसंद आईं। सत्यजित रे पर बनी फिल्म का अपना एक अलग वैशिष्ट्य है। गुजरात के संदर्भ में गुलाम मोहम्मद शेख के चित्रों पर आधारित फिल्म को देखना एक बिल्कुल नए ढंग का अनुभव था। उनके चित्रों में आग की लपट की तरह पीले रंग का बार-बार इस्तेमाल आज के गुजरात के पूर्वाभास की तरह लगा।''
लेकिन शास्त्रीय और लोक संगीत खासकर कबीर की रचनाओं का गायन केदार जी को खास पसंद है। इस बारे मंे वे कहते हैं, ''शास्त्रीय संगीत सुनना पसंद करता हूँ, खासकर भीमसेन जोशी की आवाज मुझे कहीं गहरे से प्रभावित करती है और विचलित भी करती है। कुमार गंधर्व को सुनना भी अच्छा लगता है, पर इधर कबीर गायन की परंपरा में जो नई ऊर्जा आई है, वह मुझे महत्त्वपूर्ण लगती है। ऐसे गायक जाने-माने नहीं,देश के किसी भी कोने में हो सकते हैं। ऐसे ही गायक समुदाय से कुछ महीने पहले मेरी भेंट उत्तर प्रदेश के एक अत्यंत पिछड़े इलाके में हुई थी। जिस तरह उन्होंने कबीर को प्रस्तुत किया, वह मेरे लिए अविस्मरणीय है।

कबीर असल में दो हैं एक वो जो किताबों में मिलते हैं और दूसरे वो जो किताबों के बाहर हैं। किताबों के बाहर वाला कबीर जनता का कबीर है और उसके प्रस्तुतीकरण के असंख्य तरीके को जनसमुदाय ने खोजा है। कभी-कभी मुझे लगता है कि कबीर गायन की पद्धतियों पर अलग से काम होना चाहिए। और इसी तरह लोक में बिखरे हुए कबीर का भी अनेक खंडों में संचयन और प्रकाशन किया जाना चाहिए। कोई इसे 'लोक कबीर' नाम दे सकता है। कबीर पंथ के मूल गादी के आचार्य गंगाशरण शास्त्री ने अभी पुराने बीजक को परिवर्तित करके एक महाबीजक का प्रकाशन किया है, जिसमें लोक प्रचलित पदों को भी बड़ी संख्या में शामिल किया गया है। पर मेरा ख़्याल है कि अभी भी बहुत कुछ है, जो असंकलित, मौखिक रूप में जनता के कंठ या स्मृति में पड़ा हुआ है।''

हिंदी दैनिक के लिए बातचीत ख़त्म कर काग़ज़-कलम समेटता हूं। थैला उठाते हुए उनसे विदा लेना चाहता हूँ।
''कहाँ जाओगे?'' तभी वे पूछते हैं।
'मैं कहता हूँ, ''दिल्ली विश्वविद्यालय।''
''मैं भी साहित्य अकादेमी चलता हूँ, दस मिनट रूको'', उन्होंने कहा।
मैं उनके कमरे से बाहर निकलकर उनके पोते आमिष के साथ हाल में थोड़ी देर क्रिकेट खेलता हूँ, बल्कि उसे बाल फेंककर खिलाता हूँ।

दस मिनट बाद केदार जी बाहर निकलते हैं। बाहर तेज धूप है। दोपहर के दो बजे हैं। आॅटो पर बातचीत करते हुए सफदरगंज मदरसा से आगे बढ़ते हुए वे बायीं ओर इशारा करते हुए बतलाते हैं, 'श्रीकांत वर्मा यहीं सफदरजंग में रहते थे। मैं उनसे मिलने आता था। हम दोनों एक-दूसरे को खत लिखते थे।....'' अतीत की स्मृतियों पर आधारित बातचीत और लू के थपेड़ों को सहते हुए आटो मंडी हाउस के साहित्य अकादेमी के गेट के सामने रूकता है। एक हाथ में लिफाफा और दूसरे हाथ में लाल जिल्द में लिपटी वी.एस. नायपाल की किताब ''इंडिया ए मिलियन म्यूटीनीज नाउ'' दिखलाते हुए वे कहते हैं, ''लाइब्रेरी में लौटाने आया हूँ...चार बजे आना था लेकिन सोचा तुम्हारे साथ ही आ जाऊँ।''

आटो से उतरकर वे साहित्य अकादेमी के अंदर चले गए।...और हाँ, बूढ़े आटोवाले को तय पचास रुपये की जगह उन्होंने पचपन रुपये दिए।

---- डॉ. शशि कुमार 'शशिकांत'
हिंदी विभाग

Gandhi Study circle

Gandhi Study circle

B.A. Programme 'Rachnayan'

Chemistry Subject Society

History Subject Society

Fine Arts Society





SANSKRIT SOCIETY

Women Development CELL

Physics Subject Society

PHYSICS

PAPER RECYCLING UNIT

Computer Science Society

Mathematics Subject Society

NSS ACTIVITIES

NSS Celebrate योग दिवस

ENVIRONMENTAL STUDIES

E-Cell

ENACTUS EVENTS



AADHAR- THE DRAMATICS SOCIETY

MALHAAR-THE MUSIC SOCIETY

ENGLISH DEPARTMENT FEST

NATIONAL SEMINAR

ANNUAL SPORTS DAY

CULTURAL SOCIETY

CHAYANIKAN

NCC ACTIVITIES

POLITICAL SCIENCE DEPARTMENT

फ़रिश्ते से बढ़ कर है इंसान बनना
मगर इस में लगती है मेहनत ज़ियादा

------ अल्ताफ़ हुसैन हाली

MOTILAL NEHRU COLLEGE

(University of Delhi)

Benito Juarez Marg, New Delhi - 110021